वीयू के वन्यप्राणी चिकित्सकों द्वारा किया गया मृत नर तेंदुए का शव परीक्षण

आज दिनाँक 16.12.2024 को नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत स्कूल ऑफ वाईल्डलाईफ फॉरेंसिक एण्ड हैल्थ जबलपुर में एक मृत नर तेंदुए का शव परीक्षण हेतु लाया गया जो कि सागर वन वृत्त अंतर्गत गढ़ाकोटा परिक्षेत्र के अंतर्गत गश्ती के दौरान मिला था। मृत नर तेंदुए अनुमानित 4–5 वर्ष का था। मृत नर तेंदुए के शव परीक्षण हेतु नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के माननीय कुलगुरू प्रो. (डॉ.) मनदीप शर्मा के मार्गदर्शन में एक टीम गठित की गई। शव परीक्षण के दौरान सभी अंग सुरक्षित पाये गये। प्रथम दृष्टया शव परीक्षण के दौरान ज्ञात हुआ कि तेंदुए की मृत्यु पानी में डूबने के कारण प्रतीत हुई है तथा नमूनें प्रयोगशाला परीक्षण हेतु एकत्र कर लिए गये हैं। मृत नर तेंदुए का शव परीक्षण, स्कूल ऑफ वाईल्डलाईफ फॉरेंसिक एण्ड हैल्थ, जबलपुर के संचालक, डॉ. राजेश शर्मा की उपस्थिति में डॉ. देवेंद्र पोधाडे, डॉ. अमोल रोकड़े, एवं पशुचिकित्सा महाविद्यालय के छात्रों के द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर